प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 15.06.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– कोंडागांव जिले में करीब तीन सौ आठ करोड़ रुपए की लागत से होगा ''केशकाल बाईपास'' फोरलेन का निर्माण–केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दी जानकारी–मुख्यमंत्री ने जताया आभार।

2– मुख्यमंत्री ने इकतीस मेधावी श्रमिक बच्चों को प्रदान किए दो–दो लाख रूपये–श्रमिकों के खाते में अंतरित की उन्नीस करोड़ रूपये से ज्यादा की सहायता राशि।

3– प्रदेश में कल से शुरू होगा नया शिक्षा सत्र–सभी स्कूलों में मनाया जाएगा शाला प्रवेश उत्सव।

4– प्रदेश में दक्षिण–पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए बनी हुई है अनुकूल परिस्थितियां–आज रायपुर सहित कुछ स्थानों पर हुई बारिश।

## केशकाल बाईपास निर्माण–स्वीकृति

कोंडागांव जिले में करीब तीन सौ आठ करोड़ रुपए की लागत से ग्यारह किलोमीटर से भी लंबे फोरलेन ''केशकाल बाईपास'' का निर्माण किया जाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय मंत्री का आभार प्रकट करते हुए इसे बस्तर के विकास के लिए बड़ा कदम बताया है। श्री साय ने कहा कि यह बाईपास केशकाल घाट खंड में यातायात बाधाओं को दूर कर सुगम, सुरक्षित और निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करेगा। यह बाईपास पेव्ड शोल्डर मानक के अनुरूप होगा और इसके बनने से बस्तर अंचल में कनेक्टिविटी को नया आयाम मिलेगा।

## मेधावी शिक्षा सहायता योजना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर में आयोजित ''मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना'' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में शीर्ष–दस में जगह बनाने वाले पंजीकृत श्रमिकों के इकतीस मेधावी बच्चों को दो–दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत राज्य के अड़तीस हजार से अधिक निर्माण श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत उन्नीस करोड़ इकहत्तर लाख रूपए से ज्यादा की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिक परिवारों के सशक्तिकरण और उत्थान के लिए कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज श्रमिक परिवार का बच्चा विदेश जाकर पढ़ना चाहे तो उसके लिए भी पचास लाख रुपए तक की सहायता का प्रावधान श्रम विभाग द्वारा किया गया है।

## मुख्यमंत्री–शाला प्रवेश उत्सव

प्रदेश में कल सोलह जून से नया शिक्षा सत्र शुरू होगा। इसके साथ ही प्रदेश के सभी स्कूलों में कल से शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर "शाला प्रवेश उत्सव" में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में लिखा है कि राज्य में शिक्षा का अधिकार अधिनियम प्रभावशील है तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस के तहत यह सुनिश्चित किया गया है कि कक्षा बारहवीं तक शाला त्याग दर को धीरे–धीरे शून्य किया जाए।
राजधानी रायपुर के विभिन्न स्कूलों में भी शिक्षा विभाग ने शाला प्रवेश उत्सव मनाने की तैयारी पूरी कर ली है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर विजय खंडेलवाल ने आकाशवाणी समाचार को शाला प्रवेश उत्सव की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में इक्कीस जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर नगर के रणजीता स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान वे आम नागरिकों के साथ योगाभ्यास करेंगे। योगाभ्यास कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास ने रणजीता स्टेडियम का निरीक्षण कर स्थल की व्यवस्थाओं और प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बारिश के मौसम को देखते हुए वाटर प्रूफ पंडाल लगाने, पर्याप्त संख्या में योगा मैट की व्यवस्था करने, अतिथियों के लिए बैठक, पार्किंग और बेरिकेडिंग के अलावा अन्य सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित के निर्देश दिए।

## विश्व रक्तदाता दिवस

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर कल प्रदेश में आयोजित अड़तालीस से अधिक रक्तदान शिविरों और जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से पंद्रह सौ यूनिट से अधिक रक्त का संग्रहण किया गया। इस दौरान लगभग ढाई हजार लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान की शपथ ली। इस अवसर पर आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉक्टर प्रियंका शुक्ला ने रक्तदान कर नागरिकों से भी रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि "रक्तदान न केवल जीवन रक्षक कार्य है, बल्कि यह समाज में मानवीय एकता और करुणा का प्रतीक भी है। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों और ब्लड बैंक संस्थानों में नागरिकों, विद्यार्थियों, समाजसेवियों तथा शासकीय सेवकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## उपमुख्यमंत्री–सोलर बैटरी

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कल मुंगेली जिले के लोरमी से सोलर बैटरी से भरे वाहन को हरी झंडी दिखाकर अचानकमार के लिए रवाना किया। इन बैटरियों से अचानकमार वनांचल के बिजराकछार क्षेत्र के तेरह गांव रोशन होंगे। इस मौके पर श्री साव ने कहा कि अब अचानकमार में बरसात के दिनों में रोशनी की व्यवस्था हो जाने से लोगों को जंगली जीव–जंतुओं से खतरा नहीं होगा।

## साइबर ठगी–आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग जिले के भिलाई में एक बुजुर्ग से करीब पचपन लाख रूपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। इस मामले में दुर्ग पुलिस ने उत्तरप्रदेश के लखनऊ से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के मोबाइल फोन और आधार कार्ड जब्त कर लिए गए हैं।

जिले की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद्मश्री तवर ने बताया कि ठगी की शिकायत रिसाली निवासी एक पीड़ित ने नेवई थाने में दर्ज कराई। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने सीबीआई का अधिकारी बताकर उन्हें वीडियो कॉल किया और डरा–धमकाकर अलग–अलग खातों में एक महीने के भीतर लगभग पचपन लाख रूपये ट्रांसफर करवा लिए।

**एनसीसी बटालियन–प्रशिक्षण शिविर**

दुर्ग में इन दिनों सैंतीसवीं छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी का दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में कैडेट्स को सेना में रोजगार के अवसर के लिए अग्निवीर भर्ती परीक्षा और स्थायी नियुक्ति के बारे में जानकारी दी जा रही है। शिविर के छठवें और सातवें दिन थल सैनिक शिविर के लिए चयनित चौंसठ कैडेट्स के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। वहीं, विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में एनसीसी कैडेट्स, एएनओ और पी.आई. ने तीस से अधिक यूनिट रक्तदान किया।

**दोरनापाल–डॉग केयर सेंटर**

सुकमा जिले के दोरनापाल में प्रदेश के पहले के–नाइन डॉग केयर सेंटर का शुभारंभ हो गया है। यह सेंटर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ की चौहत्तरवीं बटालियन के मुख्यालय में शुरू किया गया है। सीआरपीएफ के आईजी राकेश अग्रवाल ने बताया कि के–नाइन डॉग केयर सेंटर के खुल जाने से आम लोग भी सीआरपीएफ के डॉग को गोद ले सकेंगे।

**दुर्घटना**

प्रदेश में बीते चौबीस घंटों के दौरान हुए अलग–अलग सड़क हादसों में कुल तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि, दस लोग घायल हो गए हैं। कोंडागांव जिले के बड़ेडोंगर थाना क्षेत्र में बीती रात शादी समारोह से लौट रहे लोग दुर्घटना का शिकार हो गए। इनका चारपहिया वाहन अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया, जिससे दो महिलाओं की मौत हो गई। जबकि, छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।
वहीं, सरगुजा जिले में जन्मदिन मनाकर लौट रहे युवकों की तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर खंभे से जा टकराई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, गंभीर रूप से घायल दो अन्य युवकों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।
इसके अलावा बालोद जिले के देहान गांव के पास कार और ट्रक के बीच हुई टक्कर में कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

**मौसम**

**मौसम का हाल–**

प्रदेश में दक्षिण–पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए बताया कि प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

इस बीच, आज राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश होने के समाचार मिले हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

**समाचार संक्षेप में ...**

खनिज विभाग ने रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के प्रकरणों में कार्रवाई नहीं करने पर राजनांदगांव जिले के खनिज अधिकारी प्रवीण चंद्राकर को निलंबित कर दिया है।

–रायपुर के कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीजी डिप्लोमा स्तर के मीडिया पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यार्थी, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

–जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र और जिला कौशल विकास प्राधिकरण रायपुर द्वारा कल सोलह जून को सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर तीन बजे तक जोरा स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>